पंजाब केसरी 09/08/2024

जी.एम.एन. कालेज में एन.सी.सी. गर्ल्स विंग ने किया पौधारोपण

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्रांगण में पौधारोपण करतीं एन.सी.सी. गर्ल्स विंग की कैडेट्स। (देवदत्त)

अम्बाला, 8 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्रांगण में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में एन.सी.सी. गर्ल्स विंग्स द्वारा पौधारोपण किया गया। यह अभियान जून माह से प्रत्येक माह की 8 तारीख को निरंतर मनाया जा रहा है।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि किसी भी अभियान को सफल बनाने के लिए नई पीढ़ी को इससे जोड़ना बहुत जरूरी है। एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधारोपण हो सकेगा। सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कैडेट्स से आह्वान किया कि वह अपने घर आंगन में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं, जिससे आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण का संतुलन सही किया जा सके।